महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना ।

विज्ञापन संख्या-02/2015

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार पुलिस बल के नवसृजित बिहार स्वाभिमान पुलिस बटालियन में महिला सिपाही के पद की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु दिनांक 25.07.2015 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या 02/2015 के क्रम में दिनांक 21.08.2016 (रविवार) को अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक पटना जिला के 4 (चार) परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी ।

लिखित परीक्षा, बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के अंतर्गत आती है । लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पर्षद के बेवसाईट www.csbc.bih.nic.in पर उपलब्ध है ।

रिपोर्ट करने का समय – दिनांक 21.08.2016 को आयोजित महिला सिपाही की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र पर पूर्वाह्न 09.00 बजे पहुँचे । परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार, पूर्वाह्न 10.00 बजे तक बंद कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपनी सुविधा के लिए वे परीक्षा से एक दिन पहले अपना परीक्षा केन्द्र/स्थल देख लें और उसके मार्ग आदि से परिचित हो जाएँ ।

ई-प्रवेश-पत्र – उपर्युक्त लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों के ई-प्रवेश-पत्र पर्षद की वेबसाईट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक-01.08.2016 से उपलब्ध रहेंगे । उम्मीदवार अपना ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें । स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा प्रवेश-पत्र नहीं भेजा जाएगा । आवंटित परीक्षा केन्द्र/स्थल पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ई-प्रवेश-पत्र के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान-पत्र जैसे मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि भी प्रस्तुत करना होगा । यदि ई-प्रवेश-पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा-स्थल पर अपने साथ आवेदन-पत्र के समरूप 2 (दो) फोटोग्राफ भी लायेंगीं ।

विशेष परिस्थिति में, जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से ई-प्रवेश-पत्र download नहीं कर सकें, उनकी सुविधा के लिए दिनांक-16.08.2016 से 18.08.2016 तक प्रतिदिन 10.00 बजे पूर्वा० से 17.00 बजे संध्या तक केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हॉल्ट के निकट), पटना-800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट ई-प्रवेश-पत्र निर्गत करने की व्यवस्था की गयी है । **ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान-पत्र के साथ उक्त अवधि में चयन पर्षद के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लीकेट ई-प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र को वे परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के चरणों में चयन पर्षद द्वारा इसकी मांग की जायेगी ।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए वे अपने ई–प्रवेश–पत्र का प्रिंट–आउट समय रहते ही निकाल लें ।

ई–प्रवेश–पत्र में किसी प्रकार की विसंगति होने पर दूरभाष संख्या 06115–234995, 234996 पर पर्षद को तत्काल सूचित करें ताकि पर्षद संबंधित मामले में निर्णय ले सके ।

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना ।